अभ्यास-प्रश्न

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

(i) कोयला किस प्रकार का संसाधन है?

(a) अनवीकरणीय (b) नवीकरणीय

(c) जैव (d) अजैव

ii. सौर ऊर्जा निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन है:-

(a) मानवकृत (b) पुनः पूर्तियोग्य

(c) अजैव (d) अचक्रीय

iii. तट रेखा से कितने कि० मी० क्षेत्र सीमा अपवर्जक आर्थिक क्षेत्र कहलाते है?

(a) 100 N.M. (b) 200 N.M.

(c) 150 N.M. (d) 250 N.M.

iv. डाकूओं की अर्थव्यवस्था का संबंध है :-

(a) संसाधन संग्रहण से (b) संसाधनों के अनियोजित विदोहन से

(c) संसाधन के नियोजित दोहन से (d) इनमें से कोई नहीं ।

v. समुद्री क्षेत्र में राजनैतिक सीमा के कितनी कि० मी० क्षेत्र तक राष्ट्रीय सम्पदा निहित हैं :-

(a) 10.2 कि० मी० (b) 15.5 कि० मी०

(c) 12.2 कि० मी० (d) 19.2 कि० मी०

Scanned by CamScanner

लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. संसाधन को परिभाषित कीजिए ।
2. संभावी एवं संचित-कोष संसाधन में अंतर स्पष्ट कीजिए ।
3. संसाधन संरक्षण की उपयोगिता को लिखिए ।
4. संसाधन-निर्माण में तकनीक की क्या भूमिका है, स्पष्ट कीजिए ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :

1. संसाधन के विकास में 'सतत् विकास' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए ।
2. स्वामित्व के आधार पर संसाधन के विविध स्वरूपों का वर्णन कीजिए ।

परियोजना कार्य :

1. विद्यालय में विषय शिक्षक से मिलकर एक संगोष्ठी का आयोजन करें, जिसमें उपयोग में आनेवाले संसाधनों के संरक्षण के उपाय पर चर्चा हो ।
2. अपने प्रखंड में उपलब्ध संभाव्य संसाधन का सर्वेक्षण कर उसके विकास पर आधारित एक प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए ।

Scanned by CamScanner

GEOGRAPHY

1. भारत संसाधन एवं उपयोग

लघु उत्तरीय प्रश्न

(1) संसाधन को परिभाषित करें
प्रकृति से प्राप्त विभिन्न वस्तुएं जो हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने में प्रयुक्त होती है, जिनको बनाने के लिए प्रौद्योगिकी उपलब्ध है, संसाधन कहलाता है।

(2) संभावी एवं संचित - कोष संसाधन में अंतर स्पष्ट कीजिए
⇒ संभावी संसाधन → वे संसाधन जो किसी क्षेत्र में विद्यमान तो है परंतु इनका उपयोग नहीं हो रहा है, संभावी संसाधन कहते है। जैसे- हिमालय क्षेत्र का खनिज
संचित - कोष संसाधन → ऐसे संसाधन भंडार जिसे उपलब्ध तकनीक के आधारपर प्रयोग में लाया जा सकता है भविष्य की यह पूँजी है। नदी जल भविष्य में जल विद्युत उत्पन्न करने में उपयुक्त हो सकते है।

(3) संसाधन संरक्षण की उपयोगिता को लिखिए
उत्तर → संसाधन एक ऐसा स्रोत है जिसका उपयोग मनुष्य (human) अपने लाभ के लिए करता है। कोई वस्तु प्रकृति में हो सकती है हमेशा से मौजूद रही हो लेकिन वह संसाधन तब बनती है जब मनुष्य को उसके लाभप्रद उपयोग के बारे में ज्ञात होता है और वह यह लाभप्रद करना शुरू करता है।

(4) संसाधन - निर्माण में तकनीक की क्या भूमिकाएँ हैं, स्पष्ट करें
Ans → भौतिक एवं जैविक संसाधन दोनों पदार्थ तकनीक के शेयर ही जीवनोपयोगी हो पाते है। आदि मानव तकनीक को पाकर ज्ञानी मानव बन गया। पर्यावरण में उपलब्ध ~~पदार्थ~~ पदार्थों को ही जनप्रिय तकनीक के शेहर जीवन को सुखमय बनाने में मानव सक्षम हो गया।

Scanned by CamScanner

जब पर्यावरण में मानव द्वारा जनप्रिय तकनीक का प्रयोग होता है, तब सभ्यता विकसित होती है। सदियों से कोयला पेट्रोलियम एवं अन्य खनिज पृथ्वी के गर्भ में पड़ा हुआ था। लेकिन उस समय के आदि मानव को में तकनीक ज्ञान का अभाव था।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :

① Ans → सतत विकास से हमारा अभिप्राय ऐसे विकास से है, जो हमारी भावी-पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरी करने की ~~आवश्यकताएँ पूरी करें~~ / की योग्यता को प्रभावित किए बिना वर्तमान समय की आवश्यकताएँ पूरी करें। भारतीय के लिए पर्यावरण संरक्षण, जो 'सतत विकास' का विभिन्न अंग है, कोई नई अवधारणा नहीं है।

भारत में प्रकृति और वनजीवों का संरक्षण अगाध आस्था की बात है, जो हमारे दैनिक जीवन में प्रतिबिंब होता है और पौराणिक गाथाओं, लोककथाओं, धर्मों, कलाओं और संस्कृति में वर्णित है।

② Ans → स्वामित्व के आधार पर संसाधन के चार प्रकार होते हैं—

(i) व्यक्तिगत संसाधन → यह संसाधन निजी व्यक्तियों के स्वामित्व में होते हैं। जैसे → भूखण्ड, खेत, घर, कार, आदि।

(ii) सामुदायिक स्वामित्व वाले संसाधन → यह संसाधन समुदाय के सभी सदस्यों को उपलब्ध होते हैं। जैसे — (a) गांव में गांव का तालाब, चारण भूमि आदि (b) शहर में सार्वजनिक पार्क, पिकनिक स्थल आदि।

(iii) राष्ट्रीय संसाधन → तकनीकी तौर पर देश में पाये जाने वाले सारे संसाधन राष्ट्रीय है। देश की सरकार के

Scanned by CamScanner

कानूनी अधिकार है कि वह व्यक्तिगत संसाधनों को भी आम जनता के हित में अधिग्रहित कर सकती है। उदाहरण → सारे खनिज पदार्थ, वन, वन्य, जीवन, राजनीतिक सीमाओं के अंदर सारी भूमि और 12 नॉटी वन

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय संसाधन → कुछ अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ संसाधनों को नियंत्रित करती है।

Scanned by CamScanner